उ0प्र0 स्टेट पावर सेक्टर इम्प्लाइज ट्रस्ट

14-अशोक मार्ग, शक्ति भवन (विस्तार),
लखनऊ
Phone no. 0522-2288187
Email: sectrustlko@gmail.com
Website: www.uppst.org

पंत्र संख्या– 627/ट्रस्ट/पेंशन

दिनाँक–27.06.2018

निदेशक (वित्त)
उ0प्र0पा0का0लि0/उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0/
ई0मेल0 उ0प्र0ज0वि0नि0लि0
समस्त डिस्कामस/केस्को

विषयः– कोषागार के माध्यम से ऊर्जा निगम से सेवा निवृत कार्मिकों को अनन्तिम पेंशन /अनन्तिम ग्रेच्युटी का भुगतान।

जैसा कि अवगत है कि शासनादेश 02/2018/810/24–पी02–17 सा0 (84)/2014 दिनांक 26.03.18 के अनुरूप दिनांक 01.04.18 के उपरान्त अनन्तिम पेंशन एवं अनन्तिम ग्रेच्युटी का भुगतान कोषागार के माध्यम से कराया जाना है। इस संबंध में संज्ञानित है कि डीडीओ कोड आबंटित होने की आवश्यकता होते हुए अभी तक कोषागार के माध्यम से भुगतान प्रारम्भ नहीं हो सका है जिसके कारण अनन्तिम पेंशन भोक्ताओं में असन्तोष बना हुआ है। उपरोक्त के संबंध में अवगत कराना है कि मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा अपने डीडीओ कोड से अनन्तिम पेंशन एवं अन्तिम ग्रेच्युटी संबंधित बीजक के सापेक्ष धनराशि के आहरण/भुगतान की प्रकिया आदि के संबंध में शीघ्र शासनादेश निर्गत होने की संभावना हैं।

उपरोक्त शासनादेश के अनुसार कुछ इकाईयों द्वारा सीधे हस्ताक्षर सत्यापन किए जाने हेतु पत्र प्राप्त हुए हैं जिसमें आवश्यक सूचनाएं भी इंगित नही की गई हैं। अतएव उपरोक्त शासनादेश के बिन्दु 1 एवं 4 को संज्ञान में लेते हुए **सलंग्न प्रारूप–पत्र** में निगम की नियन्त्रणाधीन समस्त जनपदीय **(सलंग्न सूची अनुसार)** स्तर के अधिकारियों (पेंशन वितरण अधिकारी) के हस्ताक्षर, एवं निगम स्तर पर कोषागार के कार्यो के अतिरिक्त अनन्तिम पेंशन एवं अनन्तिम ग्रेच्युटी के बीजक आदि कोषागार प्रेषित करने हेतु प्रतिहस्ताक्षरित करने संबंधित कार्य हेतु नामित नोडल अधिकारी के नमूना हस्ताक्षर मूल रूप में सत्यापित/अभिप्रमाणित करते हुए सचिव (ट्रस्ट) कार्यालय को अविलम्ब प्रेषित की जाए जिससे अग्रिम कार्यवाही कर, निगम को उनके स्तर से संबंधित जनपदीय पेंशन आहरण वितरण अधिकारियों/कोषागारो को प्रेषित करने हेतु ट्रस्ट स्तर से प्रेषित किया जा सके।

उपरोक्त संबंध में उच्च प्राथमिकता पर कार्यवाही अपेक्षित है जिससे कि लम्बित पेंशन का भुगतान माह जून 2018 की अनन्तिम पेंशन के भुगतान के साथ सुनिश्चित हो सके।

(पी0के0 गुप्ता)
महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा)
एवं सचिव (ट्रस्ट)

पंत्र संख्या– 627/ट्रस्ट/पेंशन
प्रतिलिपि निम्न को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निदेशक (वित्त एवं ट्रस्टी) उ0प्र0पा0का0लि0 शक्ति भवन लखनऊ।
2. समस्त महाप्रबन्धक(वित्तएवंलेखा)/उपमहाप्रबन्धक उ0प्र0पा0का0लि0/उ0प्र0पा0का0ट्रा0लि0/उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0/उ0प्र0ज0वि0नि0लि0/समस्त डिस्काम एवं केस्को।
3. (ई0मेल0) समस्त उपमहाप्रबन्धक /उपमुख्य लेखाधिकारी/ परिक्षेत्रीय लेखा कार्यालय (वितरण/सामाग्री प्रबन्ध/पारेषण) एवं तापीय परियोजनायें उ0प्र0पा0का0लि0/उ0प्र0पा0का0ट्रा0लि0/उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0/ उ0प्र0ज0वि0नि0लि0/समस्त डिस्काम एवं केस्को।
4. उपसचिव उ0प्र0पा0से0इ0 ट्रस्ट को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

27/6/18

(पी0के0 गुप्ता)
महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा)
एवं सचिव (ट्रस्ट)

प्रारूप–पत्र

कार्यालय प्रबन्ध निदेशक

पत्रांकः– ..../........./ दिनांकः–

सचिव ट्रस्ट
यू0पी0 स्टेट पा0से0इ0 ट्रस्ट
शक्ति भवन, विस्तार लखनऊ।

विषयः– प्रमुख सचिव (ऊर्जा) उ0प्र0 शासन के पत्रांक 2/2018/810/24–पी0 2–17 सा0 (84)/2014 दिनांक 26.03.18 के संदर्भ मे अनन्तिम पेंशन /ग्रेच्युटी बीजक को अग्रसारित किए जाने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के नमूना हस्ताक्षर प्रेषित किए जाने के सम्बन्ध में:–

उपर्युक्त विषयक आदेश/पत्रांक के बिन्दु 1 एवं 4 जिसमें उ0प्र0पा0का0लि0/उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन लिमिटेड/उ0प्र0 जल विद्युत निगम लिमिटेड/उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0/मध्याचंल/दक्षिणाचंल/पश्चिमाचंल/पूर्वाचंल/केस्को (अप्रयोज्य काट दें) में जनपद के अधिकृत अधिकारी को अनन्तिम पेंशन/अनन्तिम ग्रेच्युटी के भुगतान हेतु बीजक कोषागार को अग्रसारित करने हेतु प्राधिकृत किया गया है। उक्तानुसार जनपदीय स्तर पर प्राधिकृत अधिकारी एवं निगम स्तर पर नामित नोडल अधिकारी के नमूना हस्ताक्षर निम्नवत विवरण अनुसार सत्यापित/अभिप्रमाणित करते हुए मूल रूप में तीन प्रतियों में प्रेषित किये जा रहे हैं। अतः श्री ....जनपदीय प्राधिकृत अधिकारी के नमूना हस्ताक्षर एवं श्री ....निगम स्तर पर नामित नोडल अधिकारी के नमूना हस्ताक्षर अपने स्तर से सत्यापित/अभिप्रमाणित कर निदेशक (कोषागार), उ0प्र0, लखनऊ, संबंधित जनपद के वरिष्ठ कोषाधिकारी/मुख्य कोषाधिकारी को प्रेषित करने के संबंध में अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं।

जनपद में अधिकृत अधिकारी का नाम, पदनाम, दूरभाष संख्या, मो0 सं0, ई0 मेल सहित कार्यालय का पूर्ण पता	नमूना हस्ताक्षर
कोषागार संबंधी कार्य हेतु निगम में अधिकृत अधिकारी का नाम, पदनाम, दूरभाष सं0, ई0मेल0 सहित कार्यालय का नाम	

उपरोक्तानुसार हस्ताक्षर सत्यापित

उपमहाप्रबन्धक/महाप्रबन्धक/मु0 महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा)
संबंधित निगम

सचिव उ0प्र0पा0से0इ0 ट्रस्ट
शक्ति भवन लखनऊ

प्रतिलिपि निम्न को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. संबंधित वरिष्ठ/मुख्य कोषाधिकारी।
2. निदेशक (वित्त) संबंधित डिस्कामस/निगम। **ई0मेल0**
3. संबंधित पेंशन वितरण अधिकारी।

उपमहाप्रबन्धक/महाप्रबन्धक/मु0 महाप्रबन्धक (वित्त एवं लेखा)
संबंधित निगम